# दबंग के कब्जे से परेशान किसान ने खुद पर छिड़का कैरोसिन

## जनसुनवाई में पहुंचा था किसान, घटना के बाद हरकत में आए प्रशासन ने 6 घंटे में दिलाया कब्जा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई उस समय रणक्षेत्र में बदल गई, जब जमीन विवाद से हताश एक पीड़ित किसान ने आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया। दोपहर करीब 12 बजे ग्राम रातीखेड़ा निवासी पीड़ित किसान टुडा (टुण्डा) अहिरवार अचानक हाथ में केरोसिन की बोतल लेकर जनसुनवाई कक्ष के बाहर पहुंचा और खुद पर तेल छिड़क लिया।



मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत किसान के हाथ से माचिस और बोतल छीनकर एक बड़ा हादसा टाला।

### कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व और पुलिस दल ने तुरंत दिलाया कब्जा

इस सनसनीखेज घटना के बाद प्रशासन तुरंत एक्शन मोड में आया। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार अशोकनगर ने तत्काल राजस्व दल गठित किया। घटना के मात्र कुछ ही घंटों के भीतर दोपहर बाद राजस्व अमले ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर सर्वे क्रमांक 987/2 की चतुर सीमाओं का पुनः ज्ञान कराया और पीड़ित टुण्डा अहिरवार को मौके पर सीमा चिन्ह गाड़कर वास्तविक कब्जा दिलाया। वहीं माहौल बिगाड़ने और अवैध कब्जा करने वाले आरोपी राजपाल यादव के विरुद्ध बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### सीमांकन के बाद दबंग ने दोबारा किया था कब्जा

कलेक्टर साकेत मालवीय को सौंपे गए शिकायती आवेदन के अनुसार, पीड़ित टुडा अहिरवार की ग्राम रातीखेड़ा में सर्वे क्रमांक 987/2 (रकबा 1.059 हेक्टेयर) पर आधिपत्य की भूमि स्थित है, जिसका दिसंबर 2024 में बकायदा सीमांकन कर कब्जा सौंपा गया था। पीड़ित का आरोप था कि गांव के ही दबंग राजपाल यादव ने बलपूर्वक दोबारा खेत पर पंजा फेरकर सीमा चिन्ह हटा दिए और खरीफ फसल की बोनी रोक दी थी। जान से मारने की धमकी से हताश होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।



# मेनका गांधी के बयान पर जैन समाज में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**पीएम और गृहमंत्री के नाम कलेक्टर दिया ज्ञापन**

**समाज ने की सार्वजनिक माफी की मांग**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा जैन मुनियों की मयूर पंख पिच्छी को लेकर दिए गए कथित बयान पर जैन समाज और भारतीय जैन मिलन ने कड़ी आपत्ति जताई है। समाज ने इसे तथ्यहीन और भ्रामक बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन ने कहा कि जैन धर्म अहिंसा और जीव-दया का संदेश देता है। जैन संत सूक्ष्म जीवों की रक्षा के लिए पिच्छी का उपयोग करते हैं, जो प्राकृतिक रूप से गिरे हुए मयूर पंखों से बनती है। मोरों की हत्या का आरोप पूरी तरह निराधार है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने दो टूक कहा कि यदि मेनका गांधी के पास कोई विश्वसनीय प्रमाण है तो उसे सार्वजनिक करें, अन्यथा बयान वापस लेकर जैन मुनियों से सार्वजनिक क्षमा याचना करें। जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल एवं महामंत्री राकेश अमरोद के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में केंद्र सरकार से निष्पक्ष जांच कराने, प्रमाण प्रस्तुत करने तथा भविष्य में ऐसी भ्रामक टिप्पणियों पर रोक लगाने के निर्देश जारी करने की मांग की गई है। इस अवसर पर प्रदीप तारई, शैलेन्द्र श्रृंगार, मीडिया प्रभारी अरविन्द जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

## एक नजर में



### नपाध्यक्ष ने किया नवीन पानी की टंकियों का निरीक्षण, दिये निर्देश

**नवभारत अशोकनगर।** नगर में चल रहे विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन नवीन पानी की टंकियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री मानोरिया ने सबसे पहले नवीन बस स्टैंड परिसर में निर्माणाधीन पानी की टंकी का जायजा लिया। इसके उपरांत, वे ऊर्जा कॉलोनी और त्रिलोकपुरी कॉलोनी में चल रहे निर्माण कार्यों का को देखने पहुंचे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदारों को कार्य की प्रगति के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि इसमें प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं श्री मानोरिया ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द पेयजल की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### बहादुरपुर हत्याकांड के मुख्य आरोपी पर लगा NSA, भेजा गया ग्वालियर सेंट्रल जेल

**नवभारत अशोकनगर।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरा मथाना में हुए अंधे कत्ल के मामले में पुलिस और प्रशासन ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। रास्ते के विवाद में बृजेश गुर्जर की हत्या करने वाले मुख्य फरार आरोपी शैतान सिंह गुर्जरके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत कार्रवाई कर उसे केंद्रीय जेल ग्वालियर भेज दिया गया है।

दरअसल मामला 27 जून का है, जब खेत के रास्ते को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने बृजेश की हत्या कर दी थी। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में बहादुरपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र 8 घंटे के भीतर चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन मुख्य आरोपी शैतान सिंह फरार होकर पीड़ित पक्ष को धमका रहा था, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल था। आरोपी की गंभीर गतिविधियों को देखते हुए एसपी की रिपोर्ट पर जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शैतान सिंह के खिलाफ एनएसए का वारंट जारी किया। इसके बाद पुलिस टीम ने मुस्तैदी से उसे दबोचकर जेल भेज दिया। एसपी श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जिले की कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और भय फैलाने वाले अपराधियों के खिलाफ ऐसी ही कठोर वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# जमीन संबंधी प्रकरणों का निराकरण न होने पर किसानों का फूटा गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

## प्रदर्शन के दौरान राजस्व अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप, तीन घंटे चला प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के भूमिहीन किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन अहिरवार समाज संघ के बैनर तले और जिलाध्यक्ष रवि मोहने के नेतृत्व में जुटे ग्रामीणों द्वारा करीब 3 घंटे तक किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों के हाथों में गलत सीमांकन निरस्त करो, दबंगों से कब्जा दिलाओ और किसानों का शोषण बंद करो जैसी मांगों की तख्तियां थीं।

हैरानी की बात यह रही कि आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने मौके ज्ञापन लेने के लिए आए तहसीलदार को अपना ज्ञापन सौंपने से साफ इनकार कर दिया। किसानों का आरोप था कि स्थानीय स्तर पर उनके राजस्व मामलों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इसके बाद पीड़ित किसानों ने सीधे एसडीएम इसरार खान को अपनी व्यथा सुनाई और उन्हें अपनी मांगों का सामूहिक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में किसानों ने अपनी मांगों में स्पष्ट किया है कि सीमांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए अनिवार्य रूप से ड्रोन सर्वे और डिजिटल मापन प्रणाली (वीडियोकॉपी सहित) लागू की जाए। साथ ही गरीब किसानों को डराने-धमकाने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ संगठित अपराध की धाराओं के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।



### राजस्व विभाग और भू-माफियाओं के नेक्सस पर आरोप

अपर कलेक्टर को सौंपे गए 4 पन्नों के विस्तृत आवेदन में प्रशासन के समक्ष कई गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से जिले में भूमिहीन अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को शासन द्वारा पूर्व में आवंटित करीब 12,625 पट्टों पर दबंगों और भू-माफियाओं ने अवैध कब्जा कर रखा है, जिससे गरीब किसान अपनी ही भूमि से वंचित हैं। वहीं आरोप लगाया गया है कि पटवारी और राजस्व निरीक्षक (RI) पैसों के लेन-देन और रसूखदारों के प्रभाव में आकर गलत सीमांकन करते हैं। कई बार न्यायालयीन आदेशों के बावजूद किसानों को वास्तविक कब्जा नहीं दिलाया जाता। साथ भू-अभिलेखों में नाम बदलना, रकबा घटाना-बढ़ाना और बिना कलेक्टर की अनुमति के पट्टे की जमीनों की अवैध रजिस्ट्री करने जैसे गंभीर आरोप राजस्व अमले पर लगाए गए हैं।

# संस्कार अकादमी में पुलिस की डिजीटल सुरक्षा पर पाठशाला

**नवभारत अशोकनगर।** गुना रोड बरखेड़ी स्थित संस्कार अकादमी स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को डिजिटल दुनिया के खतरों से आगाह करना और उन्हें सुरक्षित रहने के तरीके सिखाना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर ठगी, फर्जी कॉल, ऑनलाइन फ्रॉड और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने की कड़ियां समझाई गईं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंस्पेक्टर नरेश रावत ने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी, संदिग्ध लिंक या फर्जी कॉल आने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत इसकी सूचना संबंधित विभाग या टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर पर दें।

# शासकीय रास्ते पर पट्टा आवंटन का आरोप जनसुनवाई में कलेक्टर से की गई शिकायत

**नवभारत न्यूज**

अशोकनगर। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शासकीय भूमि और आम रास्ते पर अवैध कब्जा से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। तहसील नईसराय के ग्राम भैंसा निवासी पीड़ित ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर शासकीय आम रास्ते सीसी व खड़ंजा मार्ग पर नियम विरुद्ध तरीके से आवंटित किए गए आवासीय पट्टे को तत्काल निरस्त करने की गुहार लगाई है।

आवेदक धर्मेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि आबादी भूमि सर्वे नंबर 311 में उनके पिता के नाम पर भूखंड क्रमांक 100 दर्ज है, जहां उनका पुराना मकान स्थित है। इस मकान का मुख्य निकास द्वार दक्षिण दिशा में स्थित शासकीय आम रास्ते की ओर खुलता है। आरोप के मुताबिक वर्तमान महिला सरपंच उर्मिला बाई के प्रतिनिधि राजेश सिंह रघुवंशी ने अपने पद और राजनैतिक प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए अपने सगे भाई रामकृष्ण सिंह रघुवंशी शिक्षक के नाम पर इसी सार्वजनिक आम रास्ते की भूमि पर नियम विरुद्ध ढंग से भूखंड क्रमांक 105 का आवासीय पट्टा स्वीकृत करा लिया है। वहीं पीड़ित का कहना है कि अनावेदक पक्ष का कच्चा मकान पहले से ही उनके मुख्य द्वार के बगल में स्थित है, लेकिन अब इस नए पट्टे की आड़ में सार्वजनिक रास्ते को षड्यंत्रपूर्वक हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में उक्त मार्ग पर पक्का निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है, जिससे पीड़ित परिवार का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा।

# अवैध वसूली केंद्र पर प्रशासन का प्रहार जारी

**लगाम लगाने एसडीएम ने एसडीओपी को लिखा पत्र**

**कलेक्टर को भेजा जांच प्रतिवेदन**

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी के पिछोर बायपास रोड पर अवैध बसूली का अड्डा बनी गुमठी (टपली ) पर प्रशासन का पीला बुलडोजर चलता हुआ दिखाई दिया था। तो वहीं इस अवैध बसूली केंद्र की जांच अब आगे बढ़ गई, जिसके चलते एसडीएम ने अवैध बसूली में संलिप्त हॉस्टल गार्ड पर कार्यवाहीं के लिए कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा है, तो वहीं अवैध उगाड़ी केंद्र पर उपयोग हो रहे पुलिस बेरीकेट्स एवं कथित रूप से कुछ पुलिसकर्मियों की संलिप्त सामने आने पर जांच के लिए एसडीएम ने एसडीओपी चंदेरी को पत्र लिखा है।

दरअसल विगत दिनो एसडीएम मनीष धनगर ने पिछोर वायपास चौराहे पर शासकीय छात्रावास के समीप अचानक औचक दबिश दी, जहां मौके पर पुलिस के बेरीकेड्स लगाकर ट्रकों, डंपरों सहित अन्य वाहनों को रोककर धौंस दिखाकर 50 रूपये से 200 रूपये तक की अवैध एंट्री वसूली की जा रही थी। इस गोरखधंधे में शासकीय हॉस्टल का एक कर्मचारी हॉस्टल गार्ड और एक अन्य शाढ़ौरा निवासी संदिग्ध संलिप्त पाए गए। कार्रवाई के दौरान एसडीएम ने तत्काल जेसीबी बुलवाकर अवैध उगाही के केंद्र के रूप में इस्तेमाल हो रही गुमटी (टपली) को नेस्तनाबूद करवा दिया। इसके साथ ही आसपास के अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया था।




### जांच के बाद हो सकता है बड़ी साजिश का पर्दाफाश

अवैध उगाई केंद्र की टपली के मामले में मीडिया से मुखातिब होते हुए एसडीएम मनीष धनगर ने बताया इस मामले वह सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी छात्रावास कर्मचारी पर निलंबन और कठोर कार्रवाई के लिए कलेक्टर को विस्तृत प्रतिवेदन रिपोर्ट भेज रहे है। चूंकि वसूली केंद्र पर पुलिस बेरीकेड्स का उपयोग हो रहा था और परिवहन विभाग की मिलीभगत की भी आशंका है, इसलिए इस पूरे नेक्सस में शामिल अन्य लोगों और बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए एसडीओपी चंदेरी को जांच हेतु पत्र जारी किया गया है।

# डिजिटल पुलिसिंग में अशोकनगर का डंका

## प्रदेश में मिला दूसरा स्थान, बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड से सम्मानित

**अशोकनगर।** जिला पुलिस ने डिजिटल पुलिसिंग और तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में राज्य स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार मिंटो हॉल में आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय ICJS इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम कार्यशाला में अशोकनगर को बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड से नवाजा गया है।

दरअसल राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (SCRB) द्वारा जून 2025 से मई 2026 की अवधि के लिए किए गए मूल्यांकन में, CCTNS क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स डेटा गुणवत्ता और डेटा एंट्री के मामले में जिले ने पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग डेटा की शुद्धता, मात्रा और प्रभावी क्रियान्वयन के कड़े मानकों के आधार पर तय की गई है। इस उपलब्धि पर पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और विशेषकर CCTNS शाखा की टीम को बधाई दी है।



**समापन** — **तहसील परिसर में रौपे आम, कटहल, सहजन के पौधे**

# विधायक ने कहा : पाताल जा रहा पानी, इसे सहेजने की जरूरत

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर/ बहादुरपुर।** स्थानीय तहसील कार्यालय परिसर में मंगलवार दोपहर जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय समापन पर्व मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री राव बृजेन्द्र सिंह यादव एवं विषिष्ट अतिथि के तौर पर कलेक्टर साकेत मालवीय उपस्थित रहे। आयोजन में कलेक्टर श्री मालवीय ने जहां जल संरक्षण के महत्व को समझाया और जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियां गिनाईं, वहीं विधायक श्री यादव ने प्रभावी उद्बोधन में कहा कि एक दौर था जब बारिष के दिनों में कहीं-कहीं जमीन से पानी अपने आप सोता बनकर फूटने लगता था, अब स्थिति यह आ गई है कि 700 फीट गहरा खनन करने के बाद भी पानी नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि बरसात के पानी को सहेजने की जरूरत है, साथ ही जरूरत है कि हम नदी, तालाब, प्राकृतिक जलस्त्रोतों के संरक्षण पर ईमानदारी से काम करें।

उन्होंने बहादुरपुर क्षेत्र में धान की खेती का उदाहरण देते हुए कहा कि अषोकनगर जिले में सबसे ज्यादा धान की पैदावार बहादुरपुर क्षेत्र में होती है। क्योंकि इस क्षेत्र में कोंचा, मोला जैसे बड़े बांध हैं और कैथन, कोंचा, मोला जैसी सदानीरा नदियां हैं। उन्होंने कहा कि धान की खेती ने किसान को आर्थिक लाभ की स्थिति में पहुंचाया है। यदि पानी नहीं रहेगा तो खेती कैसे होगी।



### तहसीलदार ने परिसर में लगवाए फलदार पौधे

बहादुरपुर के तहसीलदार कैलाष मालवीय ने इस कार्यक्रम में पौधारोपण कराया। उन्होंने तहसील परिसर को हरा-भरा रखने के उद्देष्य से दस फलदार पौधे लगवाए, जिनमें आम, कटहल एवं सहजन के पौधे थे। इन पौधों को कलेक्टर एवं विधायक ने अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ रोपा। तहसीलदार श्री मालवीय ने कहा कि इन पौधों को वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। इस दौरान जिपं सीईओ राजेश जैन, एसडीएम बीबी श्रीवास्तव, जपं सीईओ आलोक प्रताप इटोरिया, भाजपा नेता धर्मेन्द्र जैन एवं खलक सिंह यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# विधिक सहायता शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मंगलवार को ग्राम पंचायत सेहराई में विधिक जागरूकता एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणजनों को निःशुल्क विधिक सहायता की पात्रता एवं प्रक्रिया, विभिन्न विधिक अधिकारों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों के संबंध में भी जागरूक किया गया तथा उपस्थितजनों की विधिक जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इसी क्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुमराची धुर्वे एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी की उपस्थिति में एडीआर सेंटर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर के सभाकक्ष में जिला न्यायालय अशोकनगर के समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों हेतु एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही दस्तावेज समय-समय पर बनवाने एवं अद्यतन रखने के संबंध में जानकारी दी गई।